पत्र सं०–6 एस०एस०(6)26 / 2025– 2695/

# बिहार सरकार
# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

गीता सिंह, भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–15, दिनांक– 18 / 06 / 2025.

**अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

द्वारा :– **आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।**

विषय :– **राज्य स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल ₹ 1000.00 लाख (रुपये दस करोड़) के अनुमानित लागत व्यय पर तिरहुत दुग्ध संघ के अन्तर्गत बेतिया में एक 100 KLPD क्षमता के नये दुग्ध प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरान्त राज्य स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल ₹ 1000.00 लाख (रुपये दस करोड़) के अनुमानित लागत व्यय पर तिरहुत दुग्ध संघ के अन्तर्गत बेतिया में एक 100 KLPD क्षमता के नये दुग्ध प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का विस्तृत व्यय विवरणी संलग्न।

2. प्रस्तावित योजना के तहत तिरहुत दुग्ध संघ अन्तर्गत प० चम्पारण (बेतिया) में एक 100 KLPD क्षमता के नये दुग्ध प्रसंस्करण इकाई की स्थापना से दुग्ध उत्पादकों को सशक्त किया जा सकेगा। बेतिया एवं आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि लायी जा सकेगी। जिले में प्रसंस्करण इकाई की स्थापना से स्थानीय डेयरी किसानों को बेहतर मूल्य, रोजगार के अवसर तथा क्षेत्र में उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। अतएव प० चम्पारण (बेतिया) में एक 100 KLPD क्षमता के नये दुग्ध प्रसंस्करण इकाई की स्थापित करने हेतु कॉम्फेड, पटना के माध्यम से प्रस्तावित है।

3. प्रस्तावित योजना का मुख्य उद्देश्य प० चम्पारण जिला के क्षेत्रीय दुग्ध उत्पादकों को सशक्त बनाना, जिससे स्थानीय स्तर पर दूध के संग्रहण व प्रसंस्करण की सुविधा मिलने से किसान को नियमित एवं बेहतर मूल्य मिलेगा। दुग्ध की गुणवत्ता में सुधार करना। क्षेत्रीय प्रसंस्करण और अवसंरचना का विकास होगा। दूध के परिवहन लागत में कमी आयेगी।

4. प्रस्तावित योजना के तहत प० चम्पारण (बेतिया) जिला में 100 KLPD क्षमता के नया दुग्ध प्रसंस्करण इकाई कॉम्फेड, पटना के माध्यम से प्रस्तावित है।

5. प्रस्तावित योजना के तहत योजना का क्रियान्वयन कॉम्फेड, पटना द्वारा किया जायेगा।

6. प्रस्तावित योजना के तहत स्वीकृत राशि की निकासी निदेशक, गव्य अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे। निदेशक, गव्य सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी होंगे।

7. प्रस्तावित योजना अंतर्गत कॉम्फेड, पटना को राशि का भुगतान सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से निकासी कर एकमुस्त कॉम्फेड, पटना के पी०एल० खाता में किया जायेगा।

8. प्रस्तावित योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि की निकासी कर निदेशक, गव्य द्वारा कॉम्फेड, पटना के पी०एल० खाता में हस्तान्तरित किया जायेगा एवं स्वीकृत राशि पी०एल० खाता के माध्यम से कॉम्फेड, पटना द्वारा व्यय किया जायेगा।

9. बजट शीर्ष–2404 –डेरी विकास, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–102 –डेरी विकास परियोजनाएँ, मांग संख्या–02, उप शीर्ष–0115 –गव्य प्रक्षेत्र की योजनाएँ, विपत्र कोड 02–2404001020115, विषय शीर्ष–0115.31.05 –सहायक अनुदान परिसम्पत्तियों के निर्माण मद में उपबंधित/पुर्नविनियोग/अनुपूरक आगणन के माध्यम से राशि प्राप्त कर व्यय किया जायेगा।

10. निदेशक, गव्य का यह भी दायित्व होगा कि वित्त विभागीय संकल्प–573, दिनांक–16.01.1975 एवं एम०–04–15/2009–9736 वि०–2, दिनांक–19.10.2011 के अनुसार सहायक अनुदान की राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र राज्यादेश निर्गत होने की तिथि से 18 माह के अन्दर विभाग एवं महालेखाकार (ले० एवं हक०) बिहार, पटना के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा तथा व्यय को स्वीकृत राशि के अन्तर्गत सीमित रखा जायेगा।

11. दिनांक–22.05.2025 को सम्पन्न विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तावित स्कीम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्यवाही संचिका–6 एस०एस०(6)26/2025 के पृष्ठ 07–06/प०.

12. चुँकि यह योजना एक नई राज्य योजना है। योजना का लागत मूल्य रुपये 10.00 करोड़ है। इसलिए वित्त विभागीय संकल्प–12888, दिनांक–03.12.2024 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है। संचिका सं०–6 एस०एस०(6)26/2025 के पृष्ठ–06/टि० दिनांक–10.06.2025.

13. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। सं०सं०–6 एस०एस०(6)26/2025 के पृष्ठ–03/टि० तथा डायरी सं०–255, दिनांक–23.05.2025.

14. वित्त विभागीय पत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से राशि की निकासी हेतु प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन

(गीता सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)26/2025– 2695 /पटना–15, दिनांक–18/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ वित्त विभाग (योजना शाखा/बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/6/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)26/2025– 2695 /पटना–15, दिनांक–18/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/6/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)26/2025– 2695 /पटना–15, दिनांक–18/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ प्रबंध निदेशक, कॉम्फेड, पटना/निदेशक, गव्य, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/6/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)26/2025– 2695 /पटना–15, दिनांक–18/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ गव्य निदेशालय के बजट शाखा/योजना शाखा/लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/6/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)26/2025– 2695 /पटना–15, दिनांक–18/06/2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/योजना शाखा–06 के कार्यवाह सहायक को अतिरिक्त पाँच प्रतियों के साथ सूचनार्थ प्रेषित।

17/6/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)26/2025– 2695 /पटना–15, दिनांक–18/06/2025.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/विभागीय अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/महालेखाकार, लेखा, परीक्षा, महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

17/6/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)26/2025– 2695 /पटना–15, दिनांक–18/06/2025.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ आई० टी० मैनेजर, विभागीय कम्प्यूटर कोषांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ प्रेषित।

17/6/25

सरकार के अपर सचिव

# व्यय विवरणी

राज्य स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल ₹ 1000.00 लाख (रुपये दस करोड़) के अनुमानित लागत व्यय पर तिरहुत दुग्ध संघ के अन्तर्गत बेतिया में एक 100 KLPD क्षमता के नये दुग्ध प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की स्वीकृति के लिए व्यय विवरणी।

(राशि रुपये लाख में)

| विषय शीर्ष | कार्य विवरण | कुल लागत | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | कोषागार |
|---|---|---|---|---|
| विपत्र कोड 02–2404001020115, विषय शीर्ष–0115.31.05 –सहायक अनुदान परिसम्पत्तियों के निर्माण मद | तिरहुत दुग्ध संघ के अन्तर्गत बेतिया में एक 100 KLPD क्षमता के नये दुग्ध प्रसंस्करण इकाई की स्थापना। | 1000.00 | निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना/ प्राधिकृत पदाधिकारी | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना। |

(रुपये दस करोड़) मात्र

2695
18/06/2025

17/6/25

सरकार के अपर सचिव